न्यायालयः माननीय राजस्व मण्डल म0प्र0
ग्वालियर म0प्र0

प्र. क्र. निगरानी/ /अध्यक्ष/2017 R 1135-PBR17

1 बालकिशन पटेल
2. प्रकाश पटेल
3. आनंद पटेल
4 नारायण पटेल स्व0श्री भरोसी पटेल निवासीगण गोसपुरा नं–1 ग्वालियर .....प्रार्थीगण

बनाम

1. राजकपूर पटेल पुत्र श्री परमानंद पटेल
2. संतोष पटेल पुत्र श्री राजकपूर पटेल निवासीगण गोसपुरा नं–1 महावीर चौक सिविल हॉस्पीटल के पास सामने हजीरा जिला ग्वालियर म0प्र0 ....प्रतिप्रार्थीगण

श्री [illegible] द्वारा आज दि. 11-4-17 को प्रस्तुत
11-4-17
क्लर्क ऑफ कोर्ट
राजस्व मण्डल म.प्र. ग्वालियर

म0प्र0भूराजस्व संहिता की धारा 50 के अंतर्गत माननीय अपर तहसीलदार वृत्त –5 मुरार के प्रकरण कमांक 1 /2014–15 अ–6 में पारित आदेश दिनांक 22.02.2017 के निर्णय के विरूद्ध निगरानी

न्यायालय राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश–ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

प्रकरण कमांक निगरानी 1135–पीबीआर/17 **जिला** ग्वालियर

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
3–5–2017	आवेदकगण की ओर से श्री जगदीश श्रीवास्तव, अभिभाषक उपस्थित । उन्हें ग्राह्यता पर सुना गया । तहसील न्यायालय के आदेश दिनांक 22–2–17 की सत्यप्रतिलिपि का अवलोकन किया गया । तहसील न्यायालय द्वारा मात्र व्यवहार न्यायालय में वाद प्रचलित होने के आधार पर उनके न्यायालय में प्रचलित प्रकरण स्थगित किया गया है, जबकि व्यवहार न्यायालय द्वारा स्थगन दिया जाना प्रकरण से परिलक्षित नहीं होता है । अतः तहसील न्यायालय का आदेश दिनांक 22–2–17 निरस्त किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि वे व्यवहार न्यायालय में प्रचलित प्रकरण की अद्यतन स्थिति प्राप्त कर यदि व्यवहार न्यायालय से स्थगन नहीं हो तो प्रकरण में नियमानुसार नामांतरण की कार्यवाही आगे जारी रखें । इस निर्देश के साथ यह प्रकरण समाप्त किया जाता है । (मनोज गोयल) अध्यक्ष	